ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय
बीकानेर

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 24-09-2024

जालौर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-09-24 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-09-25	2024-09-26	2024-09-27	2024-09-28	2024-09-29
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	2.0	6.0
अधिकतम तापमान(से.)	39.0	39.0	36.0	36.0	30.0
न्यूनतम तापमान(से.)	27.0	27.0	26.0	26.0	26.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	66	66	70	74	80
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	32	32	56	41	72
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	13	11	12	9	8
पवन दिशा (डिग्री)	244	231	221	135	146
क्लाउड कवर (ओक्टा)	4	3	8	7	8

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले दिनों में दिन व रात के तापमान में बढ़ोतरी होने, मध्यम आपेक्षिक आद्रर्ता के साथ मध्यम गति की हवाएँ चलने, बादल छाये रहने के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

आगामी दिनों में बारिश होने की संभावना है अतः कायिक पकाव पर खड़ी फसलों मूँग, ग्वार, तिल तथा बाजरा की कटाई करके सुरक्षित स्थान पर भंडारित करें ।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी दिनों में बादल छाये रहने के साथ हल्की होने की संभावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
रेंड़ी	अरण्डी की अगेती फसल में वर्तमान और आने वाले दिनो की मौसम की परिस्थितियों के कारण सेमी लूपर कीट का प्रकोप बढ़ सकता है। अतः किसान भाइयो को सलाह दी जाती है कि कीट की संख्या आर्थिक देहली स्तर (1 लार्वा/ पौधा) से अधिक होने पर प्रभावी नियंत्रण के लिए इन्डोक्साकार्ब 14.5 एस.सी. का 1 एम एल प्रति 2 लीटर पानी की दर से साफ़ मौसम में छिड़काव करे।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
अनार	वर्तमान तथा आने वाले दिनों की मौसम की परिस्थितियाँ (दिन का तापमान 32 से 35 डिग्री सेंटीग्रेड, आपेक्षिक आद्रर्ता 70-80 प्रतिशत तथा बादल छाये रहना) अनार में बटर फ्लाई के प्रकोप के अनुकूल हैं अतः प्रभावी नियंत्रण के लिये क्लोरेन्ट्रानीलीप्रोल 18.5 एस.सी. 01 मिलीलीटर प्रति 3 लीटर पानी की दर से घोल बनाकर साफ़ मौसम में छिड़काव करें।

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
अनार	अनार तथा बेर के बागानों में बरुथी के प्रकोप के लिए मौसम की परिस्थितियाँ अनुकूल (अधिक आपेक्षिक आद्रर्ता तथा 30-32 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान) बनी हुई हैं अतः किसान भाइयों को सलाह दी जाती हैं कि कीट के प्रभावी नियंत्रण के लिए स्पाइरोंमेसिफेन 22.9 प्रतिशत नामक दवा का 0.5 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से मौसम साफ़ होने पर छिड़काव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	किसान भाइयो को सलाह दी जाती है कि दुधारू पशुओं को 50 से 60 ग्राम प्रतिदिन की दर से खनिज मिश्रण खिलाएँ जिससे पशु की दुग्ध और शारीरिक क्षमता बनी रहे।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	तारामीरा की बुवाई का उचित समय 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर है अतः किसान भाइयो को सलाह दी जाती है कि फसल कटाई के बाद या खाली पड़ी भूमि में उचित नमी की अवस्था में तारामीरा की बुवाई हेतू बीज की व्यवस्था करें तथा उन्नत किस्मों जैसे आर.टी.एम.-2002 व आर.टी.एम.-314 का ही बीज काम में लेवें।